कार्यालयः—जिला कार्यक्रम अधिकारी, महराजगंज।

पत्रांक C- /जि0का0का0/आं0बा0स्था0/विज्ञप्ति/2023—24 दिनांक 15 मार्च,2024

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासनादेश संख्या शासनादेश सं0 19/2023/3975/58—1—2022—2/1(22)10 टी.सी. दिनांक 21.03.2023 में वर्णित व्यवस्थानुसार जनपद महराजगंज के शहरी/ग्रामीण परिक्षेत्रों में संचालित बाल विकास परियोजना में आंगनबाडी कार्यकत्री के मानदेय पर आधारित रिक्त पदों पर नियुक्ति हेतु सीधी भर्ती प्रकियाओं के तहत विभागीय वेब साइट http:// upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। आंगनबाडी कार्यकत्री के रिक्त पदों का परियोजनावार विवरण निम्नवत् हैः—

क्र0 सं0	परियोजना का नाम	ग्रामीण/शहरी	आंगनबाडी कार्यकत्री के रिक्त पदों की संख्या
1	पनियरा	ग्रामीण/शहरी	47
2	सदर	ग्रामीण/शहरी	49
3	फरेन्दा	ग्रामीण/शहरी	29
4	निठौरा	ग्रामीण/शहरी	10
5	निचलौल	ग्रामीण	14
6	लक्ष्मीपुर	ग्रामीण	08
7	घुघली	ग्रामीण	10
8	बृजमनगंज	ग्रामीण	18
9	परतावल	ग्रामीण/शहरी	16
10	नौतनवां	ग्रामीण/शहरी	08
11	धानी	ग्रामीण	06
12	सिसवां	ग्रामीण/शहरी	10
13	शहर	शहरी	06
	योग	—	231

उपरोक्त पदों का ग्रामसभा/वार्डवार विवरण एवं आरक्षण सहित अर्हता का पूर्ण विवरण जनपद के कलेक्ट्रेट, विकास भवन, तहसील एवं विकास खण्ड इत्यादि कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की गई है साथ ही विभागीय वेबसाइट http:// upanganwadibharti.in पर अपलोड है।

विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन पत्र भरने हेतु विशेष निर्देशः—

1. विज्ञापित पदों हेतु केवल महिला अभ्यर्थी ही पात्र होगी।
2. आंगनबाडी कार्यकत्री के रिक्त पदों हेतु न्यूनतम शैक्षिक योग्यता इण्टरमीडिएट एवं उसके समकक्ष होगी।
3. आवेदिका को रिक्त पद के वार्ड/ग्राम सभा की स्थायी निवासी एवं ग्राम सभा में उक्त श्रेणी में पात्र अभ्यर्थी उपलब्ध न होने की स्थिति में सम्बन्धित न्याय पंचायत की स्थायी निवासी होना अनिवार्य होगा।
4. आवेदिका की आयु निर्धारित कट ऑफ डेट को न्यूनतम 18 वर्ष एवं 35 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए।
5. विज्ञापित पदों हेतु केवल विभागीय वेबसाइट http:// upanganwadibharti.in पर ऑनलाइन आवेदन पर फार्म निर्धारित समयावधि के अन्दर ही स्वीकार्य होंगे। ऑफलाइन आवेदन पत्र किसी भी दशा में मान्य/स्वीकार नहीं किये जायेगें।
6. विज्ञापित पदों हेतु ऑनलाइन आवेदन करने की अंतिम तिथि 05.04.2024 की मध्य रात्रि 12.00 बजे तक रहेगी।

7. उपरोक्त विज्ञापित पदों की अर्हता एवं आवेदन करने की प्रक्रिया सहित विस्तृत प्रपत्र एवं सूचना विभागीय वेबसाइट **http:// upanganwadibharti.in** पर उपलब्ध है साथ ही अधिक जानकारी हेतु विकास खण्ड के बाल विकास परियोजना कार्यालय अथवा विकास भवन में जिला कार्यक्रम अधिकारी (बाल विकास विभाग) कार्यालय से कार्यालय दिवस में निर्धारित समयानुसार जानकारी प्राप्त की जा सकती है।

8. रिक्त पदों की संख्या घट–बढ सकती है। रिक्त पदों पर भर्ती करने या न करने का अंतिम निर्णय चयन समिति के अधीन होगा।

(दुर्गेश कुमार)
जिला कार्यक्रम अधिकारी
महराजगंज।

पृष्ठांकन संख्या C – 1716 **तद्दिनांकित**

प्रतिलिपिः– निम्नलिखित की सेवा में सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1. निदेशक, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार उत्तर–प्रदेश, लखनऊ।
2. जिलाधिकारी महोदय, महराजगंज की सेवा में सादर अवलोकनार्थ प्रेषित।
3. मुख्य विकास अधिकारी महोदय, महराजगंज।
4. जिला विकास अधिकारी, महराजगंज।
5. जिला सूचना अधिकारी महराजगंज को इस आशय से कि उक्त विज्ञप्ति को स्थानीय समाचार पत्रों के माध्यम से निःशुल्क प्रकाशित कराते हुए प्रचार–प्रसार कराने का कष्ट करें।
6. जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी, महरागंज।
7. जिला कृषि अधिकारी, महराजगंज।
8. जिला सेवा योजन अधिकारी, महराजगंज।
9. समस्त उप जिलाधिकारी, जनपद महराजगंज को इस आशय से प्रेषित कि विज्ञप्ति की प्रति तहसील कार्यालय के सूचना बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
10. समस्त खण्ड विकास अधिकारी जनपद महराजगंज को इस आशय से प्रेषित कि विज्ञप्ति की प्रति विकास खण्ड कार्यालय के सूचना बोर्ड पर चस्पा कराने का कष्ट करें।
11. समस्त बाल विकास परियोजना अधिकारी जनपद महराजगंज को इस निर्देश के साथ कि विज्ञप्ति को परियोजना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कराते हुए प्रचार–प्रसार सुनिश्चित करायें।
12. सम्वाददाता, दैनिक जागरण, महराजगंज को इस आशय से कि उक्त विज्ञप्ति न्यूनतम दरों पर प्रादेशिक संस्करण में प्रकाशित कराने का कष्ट करें।

जिला कार्यक्रम अधिकारी
महराजगंज।